CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 156 रायपुर, सोमवार 29 जून 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## ब्रेकिंग न्यूज

### 'मौत से नहीं डरती', कह कर बांग्लादेश लौटने का ऐलान करने वाली शेख हसीना ने ढाका की राजनीति में खड़ा किया तूफान

**नई दिल्ली, 29 जून (न्यूज चैनल)।** भारत में निर्वासन का जीवन बिता रहीं बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भले ही यह घोषणा की हो कि वह इसी वर्ष अपने देश लौटेंगी और उन्हें मृत्यु का कोई भय



नहीं है, लेकिन बांग्लादेश की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियां यह संकेत दे रही हैं कि वहां उनकी प्रतीक्षा केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि संभवत: मृत्यु भी कर रही है। वर्ष 2024 में सत्ता से बेदखल होने के बाद से उनके खिलाफ मानवता विरोधी अपराधों के कई मामले दर्ज किए गए हैं और उन्हें मृत्युदंड तक सुनाया जा चुका है। ऐसे माहौल में उनकी वापसी केवल एक राजनीतिक घटना नहीं बल्कि बांग्लादेश की सत्ता, न्याय व्यवस्था और प्रतिशोध की राजनीति की सबसे बड़ी परीक्षा बन सकती है।

### हाथियों ने फिर मचाया उत्पात: 5 मकान और झोपड़ी को किया तहस नहस, चावल कर गए चट

**रायगढ़, 29 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के धरमजयगढ़ वन मंडल के दो गांवों में हाथियों का आतंक देखने को मिला है। रविवार देर रात हाथियों ने ना सिर्फ मकान और झोपड़ी को तोड़ा बल्कि आम की फसल को नष्ट कर अनाज को भी चट कर दिया, जिससे ग्रामीणों मे डर का माहौल है। जानकारी के मुताबिक, लेलूंगा और कापु इलाके में पिछले दो दिनों से हाथियों का एक दल जमकर उत्पात मचा रहा है। बीती रात तो हद ही हो गई जब हाथियों ने पांच मकान के साथ-साथ एक झोपड़ी को तहस नहस कर दिया। इतना ही नहीं एक बगीचे की बाउंड्री भी तोड़कर आम की फसल को नष्ट कर दिया और घर में रखे चावल के बोरो से चावल को भी चट कर दिया। ऐसे में ग्रामीण अब डर के साए में जीने को मजबूर है। जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

### चित्रकोट का नाइट टूरिज्म ठप, 10 करोड़ की लागत से लगाई गई लेजर लाइट सालों बाद भी नहीं हो पाई शुरु

**जगदलपुर, 29 जून (हाईवे चैनल)।** विश्व प्रसिद्ध चित्रकोट जलप्रपात में नाइट टूरिज्म को नई पहचान देने का सपना अब सवालों के घेरे में है। करीब 10 करोड़ रुपये की लागत से लगाई गई लेजर लाइट वर्षों बाद भी शुरू नहीं हो सकी है। दो-तीन बार परीक्षण के बावजूद परियोजना आज तक नियमित संचालन में नहीं आ पाई। बताया जा रहा है कि इसे लगाने वाले ठेकेदार ने सिस्टम किसी विभाग को आधिकारिक रूप से हैंडओवर ही नहीं किया। नतीजा यह है कि रखरखाव के अभाव में कई लाइटें और उपकरण गायब हो चुके हैं।




चूहा- सुनती हो, प्रदेश कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अब गांव-गांव घूम रहें हैं।

चुहिया- हां जी, चुनाव जीतने पहले गांव के लोगों को ही खुश करना पड़ेगा।

## मजदूरी नहीं बढ़ाने व अपमानजनक व्यवहार के रंजिश के चलते 5 ने मिलकर की मछली व्यापारी की बेरहमी से हत्या

### पूर्व नियोजित षड्यंत्र के तहत हत्या कर नगदी एवं मोबाइल लूटकर 5 आरोपी हुए थे फरार, हत्या में दो नाबालिग भी रहे शामिल

**धमतरी, 29 जून (हाईवे चैनल)।** थाना नगरी क्षेत्र में घटित हत्या एवं लूट की सनसनीखेज वारदात का धमतरी पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर सफलतापूर्वक खुलासा एसपी सूरज सिंह परिहार ने एसपी कार्यालय मे प्रेस वार्ता ले कर किया.इस दौरान एएसपी शैलेन्द्र पाण्डेय भी मौजूद रहे।

बताया गया कि पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार ने घटना को अत्यंत गंभीरता से लेते हुए तत्काल विशेष जांच टीमों के गठन के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी नगरी, थाना प्रभारी नगरी एवं साइबर थाना की संयुक्त टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों, मुखबिर सूचना एवं वैज्ञानिक विवेचना के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करते हुए पूरे घटनाक्रम का पर्दाफाश किया। कार्यवाही के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि दो विधि से संघर्षरत बालकों की संलिप्तता भी उजागर हुई। विवेचना के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतक विप्लव मंडल, जो निजी फिश फार्म का संचालन करता था, उसके यहां आरोपी मजदूरी करते थे। मजदूरी बढ़ाने की मांग पूरी नहीं होने तथा मृतक द्वारा लगातार अपमानजनक व्यवहार एवं गाली-गलौज किए जाने



**एसपी व एएसपी ने प्रेसवार्ता लेकर किया खुलासा पुलिस की बड़ी सफलता, हत्या एवं लूट की सनसनीखेज वारदात का 48 घटे के भीतर खुलासा**

से आरोपी लंबे समय से रंजिश रखने लगे थे। मर्ग जांच, गवाहों के कथनों, तकनीकी साक्ष्यों एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर थाना नगरी में धारा 103(1), 309(6), 311 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। आरोपियों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उनके मेमोरेण्डम कथनों एवं निशानदेही के आधार पर घटना में लूटी गई संपूर्ण नगदी, मृतक के मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त हथियार एवं वाहन सहित महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए, जिससे हत्या एवं लूट की पूरी साजिश का सफलतापूर्वक खुलासा हुआ। गिरफ्तार आरोपियों में टंकेश्वर नेताम उर्फ मयंक नेताम, पिता यशवंत नेताम, 19 वर्ष, सुरेंद्र यादव, पिता रमन यादव, 26 वर्ष, जगदीश विश्वकर्मा, पिता धनीराम विश्वकर्मा, 50 वर्ष सभी निवासी ग्राम बोईरगांव, थाना मैनपुर, जिला गरियाबंद है। प्रकरण में संलिप्त दो विधि से संघर्षरत बालकों को भी चिन्हित किया गया है। आरोपियों से लूट की कुल 37,800 रूपये नगद राशि, मृतक के 2 मोबाइल फोन, घटना की योजना एवं संपर्क के लिए प्रयुक्त 4 मोबाइल फोन एवं वारदात में प्रयुक्त 3 लकड़ी के डंडे, 2 लोहे के चाकू, 2 मोटरसाइकिल तथा घटना से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य विधिवत जप्त किए गए। गिरफ्तार आरोपियों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा जा रहा है, जबकि दोनों विधि से संघर्षरत बालकों को सामाजिक पृष्ठभूमि प्रतिवेदन तैयार कर माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### 25 जून को नही कर पाये हत्या तो 27 जून को की लूट व हत्या

रंजिश के चलते आरोपियों ने 25 जून को हत्या की योजना बनाई थी, किन्तु परिस्थितिवश उसे अंजाम नहीं दे सके। इसके बाद उन्होंने पुनः सुनियोजित षड्यंत्र रचते हुए 27 जून को हत्या एवं लूट की वारदात को अंजाम देने का निर्णय लिया। पूर्व योजना के अनुसार आरोपियों ने मृतक की गतिविधियों पर नजर रखी और उसके नगरी बाजार से मछली बिक्री कर लौटने की जानकारी मिलते ही गोरेगांव-भैंसमुड़ा मार्ग के सुनसान जंगल क्षेत्र में घात लगाकर बैठ गए। मृतक के वहां पहुंचते ही आरोपियों ने लकड़ी के डंडों एवं धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। इसके बाद मृतक के पास रखी मछली बिक्री की नगदी राशि एवं मोबाइल फोन लूटकर फरार हो गए तथा लूटी गई रकम का आपस में बंटवारा कर लिया।

## दो कार में जबरदस्त भिड़ंत 1 की मौत, 4 घायल



**कवर्धा, 29 जून (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है. पंडरिया के लघान गांव के पास दो कारों में जबरदस्त भिड़ंत हुई है. टक्कर इतनी जोरदार थी कि एक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 4 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. मामला पंडरिया थाना इलाके के है।

जानकारी के मुताबिक, पंडरिया के लघान गांव के पास फ्रॉन्क्स (सीजी 09 जेएस 4619) और वैगनआर (एमपी 50 जेडबी 0139) के बीच टक्कर हुई है. हादसे में दोनों वाहन के परखच्चे उड़ गए. दोनों कार में सवार लोगों को गंभीर चोट आई है. एक व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. मृतक कबीरधान के धरमपुरा निवासी बताई जा रही है। राहगिरों की सूचना के बाद पंडरिया पुलिस घटनास्थल पर पहुंची. मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है. वहीं घायलों को उपचार के लिए अस्पताल रवाना किया गया है. फिलहाल हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

### कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा सदस्य के रूप में ली शपथ

**नई दिल्ली, 29 जून (न्यूज चैनल)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ ली। राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने उन्हें अपने चैंबर में शपथ दिलाई। खरगे हाल में कर्नाटक से संसद के उच्च सदन के लिए लगातार दूसरी बार निर्वाचित हुए हैं। इस मौके पर राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश, सदन के नेता जे पी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू, कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की मौजूदगी रही।



राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष 83 वर्षीय खरगे इससे पहले लोकसभा और कर्नाटक विधानसभा के सदस्य रह चुके हैं। खरगे ने 1972 में पहली बार कर्नाटक विधानसभा का चुनाव जीता और बाद में लगातार नौ बार विधायक चुने गए। वह कर्नाटक सरकार में कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे और 1999 से 2004 तक विधानसभा में विपक्ष के नेता भी रहे।

## ब्लड नहीं मिलने से सिकलिन पीड़िता की मौत, 4 की सेवा समाप्त

### जिम्मेदारों को बचाने का लगा आरोप




**दुर्ग, 29 जून (हाईवे चैनल)।** जिला अस्पताल में 1 जून को सिकलिन पीड़िता दीपिका गाढ़ा की ब्लड नहीं मिलने से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। जांच में लापरवाही सामने आने पर 2 डॉक्टरों समेत 7 स्वास्थ्यकर्मियों पर गाज गिरी है। वहीं बड़े अफसरों को बचाने के आरोप लग रहे हैं।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अपर कलेक्टर योगिता देवांगन और सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी को जांच सौंपी थी। 20 दिन की जांच में सामने आया कि ब्लड बैंक में 85 यूनिट रक्त उपलब्ध होने के बावजूद पीड़िता को ब्लड नहीं दिया गया। परिजनों को डोनर तलाशने को कहा गया, लेकिन डोनर नहीं मिलने पर ब्लड उपलब्ध नहीं कराया गया। डॉक्टरों की भी लापरवाही पाई गई।

इस मामले में रेडक्रॉस सोसायटी से ब्लड बैंक में नियुक्त दो लैब टेक्निशियन तरन्नुम जहां और नशरा परवीन तथा एनएचएम से नियुक्त दो स्टाफ नर्स जागेश्वरी देवी और तनुजा चंद्राकर की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। वहीं स्टाफ नर्स अनसतसिया केरकेट्टा, पीजी रेजिडेंट डॉ. निखिल अग्रवाल और एनएचएम विशेषज्ञ डॉ. तृप्ति तिवारी के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए संयुक्त संचालक को पत्र भेजा गया है। आरोप है कि मौत के लिए प्रत्यक्ष-परोक्ष रूप से जिम्मेदार अफसरों को बचा लिया गया। प्रतिनियुक्ति पर सेवा दे रहे ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. जे.पी. मेश्राम और आरएमओ डॉ. अखिलेश यादव के बार-बार बयान बदलने के बाद भी उन पर कार्रवाई नहीं हुई। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से एनएचएम स्वास्थ्य कर्मचारी संगठन नाराज है। संगठन का आरोप है कि छोटे कर्मचारियों पर कार्रवाई कर प्रकरण को बंद करने की कोशिश की गई है। संगठन ने इस मामले में कलेक्टर से मिलकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग करने की बात कही है।

## राजधानी से सटे नकटी में ग्रामीणों के विरोध के बीच शुरू हुई प्रशासन की बेदखली कार्रवाई, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात

**रायपुर, 29 जून (हाईवे चैनल)।** महीनों के उहापोह के बाद आखिरकार प्रशासन की माना क्षेत्र स्थित ग्राम नकटी में बेदखली कार्रवाई शुरू हो गई है. क्षेत्र में अवैध तरीके से बनाए गए मकानों को ढहाने के लिए आधी रात से जेसीबी के साथ करीबन हजार पुलिस के जवान तैनात किए गए हैं। जानकारी के अनुसार, गांव के वार्ड 16 और 17 में ऐसे 48 अवैध मकान हैं, जिन्हें ढहाने के लिए राजस्व विभाग ने बेदखली का नोटिस चस्पा किया है. प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है, इसलिए बेदखली की कार्रवाई की जा रही है।



वहीं कार्रवाई का विरोध कर रहे ग्रामीणों का तर्क है कि वे इस जमीन पर सालों से रह रहे हैं. इनमें से कई मकान को पीएम आवास योजना के तहत बनाए गए हैं. बहरहाल, दावे और प्रतिदावे के बीच बेदखली कार्रवाई के लिए भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती से गांव में तनाव का माहौल देखने को मिल रहा है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के साथ-साथ जिला प्रशासन ने नकटी के 75 प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था भी शुरू कर दी है. एसडीएम ने बताया कि सभी परिवारों को नया रायपुर के सेक्टर-30 स्थित ईडब्ल्यूएस आवासों में अस्थायी और स्थायी रूप से बसाने की व्यवस्था की जा रही है, आवंटन की प्रक्रिया भी जारी है।




CMYK